सेवा में,

मा० राज्य सूचना आयुक्त महोदय,
सुनवाई कक्ष संख्या "एस-6"
मा० राज्य सूचना आयोग उ०प्र०,
गोमती नगर,लखनऊ,उ०प्र०

विषय : मा० राज्य सूचना आयोग में श्री संजीव चौधरी से सम्बंधित वाद की संयुक्त तिथि नियत करते हुए सुनवाई कराये जाने हेतु।

वाद का संक्षिप्त विवरण
वादी – श्री संजीव चौधरी
विभाग – जनसूचना अधिकारी,कार्यालय–नगर पालिका परिषद,बुलंदशहर,उ०प्र०।

महोदय,

सादर निवेदन कर अवगत करना है कि सूचना आवेदक श्री संजीव चौधरी द्वारा जनसूचना अधिकारी, कार्यालय- नगर पालिका परिषद,बुलंदशहर को पक्षकार बनाते हुए लगभग समान तथ्यों एवं विषय वस्तु पर एक अन्य वाद मा० राज्य सूचना आयोग के समक्ष सुनवाई हेतु विचाराधीन हैं जिनकी सुनवाई भिन्न तिथियों पर नियत है। उक्त प्रकरणों में वादी द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर अपना लिखित सन्तुष्टि पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

इस हेतु वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु मेरा सादर अनुरोध है कि सम्बंधित वाद की सुनवाई संक्षिप्त कर दी जाए जिससे विभाग का समुचित पक्ष उक्त तिथियों पर रखते हुए वादों का निस्तारण किया जा सके।

क्र०	वादी	वाद सं०	पंजी०	सुनवाई तिथि	कोर्ट
1	श्री संजीव चौधरी	एस6/ए/0304/2026	ए–20260302173	06.07.2026	एस–6
2	श्री संजीव चौधरी	एस6/सी/0103/2026	सी–20260302172	29.07.2026	एस–6

अतः श्रीमान जी से सादर निवेदन है कि उपरोक्त वर्णित दोनों वादों की सुनवाई तिथि संक्षिप्त कर संलग्न संतुष्टि पत्र का संज्ञान लेते हुए समान तथ्यों एवं विषय वस्तु पर उपरोक्त वाद की मूल पत्रावली आहूत करा ली जाये तथा उक्त वादों का संयुक्त विचारण करने की कृपा करें।

प्रतिलिपि:
रजिस्ट्रार महोदय,
मा० राज्य सूचना आयोग उ०प्र० लखनऊ
को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सदर प्रेषित।

Adv.

प्रस्तुत द्वारा
अधिकृत विभागीय अधिवक्ता
शैलेन्द्र सिंह चौहान (एडवोकेट)
मो० 9415470090

Allowed & fix
16/6/2026 for hearing.

2/6/2026.